दिनांक : 24.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले लोगों से सेवा और शुचिता की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया। आज रोजगार मेले को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के सपने पूरे करने का माध्यम है। उन्होंने **पीएम विकसित भारत योजना** का जिक्र करते हुए कहा कि इसके तहत साढे तीन करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है।

...............

प्रधानमंत्री ने आज 51 हज़ार से ज़्यादा चयनित अभ्यर्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे। देशभर में 40 स्थानों पर रोज़गार मेले आयोजित किये गये।

केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने जयपुर में हुए कार्यक्रम में 303 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। ये नौकरियां डाक विभाग, रेलवे, वित्त, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग सहित प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों के लिए दी गई हैं। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि युवाओं को अवसर देना ही उन्हें सशक्त बनाना है।

उधर, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जोधपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अब भर्तियां पारदर्शिता के साथ हो रही हैं और मेरिट के आधार पर ही नियुक्तियां की जा रही हैं।

..............

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने जैसलमेर प्रवास के दौरान आज तनोट पहुंचे। उन्होंने तनोट माता मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री सिंह ने मंदिर परिसर में वो स्थल भी देखा, जहां 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान बम गिराये गये थे और हैरत की बात ये है कि इनमें से किसी बम को फटते नहीं देखा गया। इसके बाद श्री सिंह लोंगेवाला पहुंचे। उन्होंने सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री सिंह जैसलमेर सैन्य स्टेशन पर आयोजित कमांडर सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के स्थापना दिवस पर जवानों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने आईटीबीपी के साहस और समर्पण के लिए सराहना की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्मश्री से सम्मानित एड गुरू पीयूष पांडे के निधन पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री पांडे के ब्रैडिंग, विज्ञापन और संचार जगत में दिये गये योगदान की सराहना की। गौरतलब है कि पीयूष पांडे का कल निधन हो गया था। मूल रूप से जयपुर के रहने वाले श्री पांडे विज्ञापन जगत में कई नामी कैंपेन के लिए जाने जाते हैं।

000

करौली जिले के पांचना बांध में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये बच्चे बांध में नहाने के लिए उतरे थे और गहराई में चले जाने से डूब गये। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

000

कार्तिक स्नान और डाला छठ पूजन के लिए जयपुर के गलता जी के मंदिरों में विशेष आयोजन होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। कल से 28 अक्टूबर तक होने वाले इस आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार ने देवस्थान विभाग के

अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने पीने के पानी, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है।

000